तारीख हुकम	हुकम कार्यवाही मय इनिशियल्स जज
	राजस्व आवेदन संख्या 164/2021 अनवान रावताराम बनाम तहसीलदार बाड़मेर

राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रशासन गांवो के संग अभियान–2021 के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मुख्यालय पर न्याय प्रदान करने के उद्देश्य से पक्षकारान राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरनाड़ा (लाखेटाली) पर जरिये नोटिस तलब होकर पत्रावली दिनांक 20.10.2021 को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरनाड़ा (लाखेटाली) पर पेश हो।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर

20.10.2021

पत्रावली राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सरनाडा (लाखेटाली) में पेश हुई। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण उपस्थित। अप्रार्थीगण के नॉटिस तामिल की श्रेणी में प्राप्त हो चुके है। अप्रार्थीगण तहसीलदार बाडमेर द्वारा अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई जिसके अनुसार खातेदार रावता पुत्र रामा कौम कुम्हार द्वारा अपनी खातेदारी भूमि खसरा नंबर 52 रकबा 57.04 बीघा में से 1.10 बीघा भूमि समर्पित करने पर मौजा जटियों कुम्हारों की बस्ती के नामान्तरकरण 91/14.07.2006 दायर करने पर राजस्थान सरकार के नाम 1.10 बीघा तथा खातेदार के इस खसरे के दो टुकडे 6.17 बीघा तथा 48.17 बीघा के सृजित हुए तथा नामान्तरकरण परत की पुश्त भाग पर तरमीम अक्ष अंकित किया गया। समर्पण आदेश, नामान्तकरण की पुश्त भाग अंकित तरमीय अक्ष के अनुसार ही राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद कर तथा लट्ठा ट्रेस मे तरमीम अंकित की गई है इसमें किसी तरह की पटवारी द्वारा त्रुटि नही की गई है। लेकिन खातेदार रावता के छः पुत्र है। स्वंय रावता जिस पुत्र के साथ रहते है उसके 1/6 हिस्सा मौके पर एक तरफ माठ बनाकर बजरिया जुबानी मौके पर बंटवाडा किया हुआ है अर्थात् मौके पर 1/6–1/6 के बंट किए हुए है। प्रार्थी रावता 1/6 हिस्से की भूमि एक तरफ रखकर खेत की माठ–माठ पर रास्ता बना तरमीम दुरस्त करवाना चाहता है, रास्ते में समर्पण से ज्यादा भूमि देने में सहमत है। तदनुसार सलंग्न नक्शे में दर्शाये बरग लाल के अनुसार मौके पर ग्रेवल सडक भी बना दी है। सलंग्न परिशिष्ट ''अ'' के अनुसार तरमीम दुरूस्त करने पर समर्पित भूमि के रकबे में कोई परिवर्तन नहीं होगा, लेकिन खातेदार के दोनो टुकड़ों के रकबे में होने वाले परिवर्तन का विवरण निम्नानुसार प्रस्तावित है:–

क्र. स.	नाम खातेदार	वर्तमान स्थिति			प्रस्तावित दुरूस्ती के बाद स्थिति		
		खसरा नंबर	रकबा	किस्म	खसरा नंबर	रकबा	किस्म
1	राजस्थान सरकार	148/52	1.10	बा.सो	148/52	1.10	बा.सो.
2	रावता पुत्र रामा कौम कुम्हार सा0 देह खातेदार रहन SBBJ शाखा कवास	149/52 150/52	6.17 48.14	बा.सो बा.सो	149/52 150/52	9.08 46.03	बा.सो. बा.सो.
		2	55.11		2	55.11	

तरमीम दुरूस्ती हेतु प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ट ''अ'' तैयार कर फर्द मौका के साथ सलंन किया जो इस फर्द मौका का अंभिन अंग रहेगा। खातेदार व प्रार्थी रावता इस नक्शे प्रस्ताव व फर्द मौका से पूर्णतया सहमत है। अतः सलंग्न नक्शा परिशिष्ट ''अ'' के अनुसार तरमीम दुरूस्त किया जाना उचित है।

तहसीलदार बाडमेर से प्राप्त रेकर्ड की रिपोर्ट के आधार पर मौजा जटियां कुम्हारों की बस्ती के खसरा नंबर 148/52, 149/52 व 150/52 की तरमीम दुरूस्ती प्रशासन गांवों के संग अभियान–2021 मे शिविर लाखेटाली मे मौका जॉच एवं प्रस्ताव फर्द मौका व प्रस्तावित नक्शा परिशिष्ट ''अ'' अनुसार दुरूस्त करने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। आदेश अलग से जारी किया जाकर शामिल पत्रावली किया गया। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। आदेश मजमे आम में सुनाया गया।

(रोहित चौहान)
उपखण्ड अधिकारी, बाड़मेर